# मेरा इक साथी है बड़ा ही प्यारा है

मेरा इक साथी है बड़ा ही प्यारा है,
नहीं कोई उस जैसा वो सब से न्यारा है,
प्रेमियों का प्रेमी बड़ा दिल वाला है,
मेरा रखवाला है,मेरा साथी मुरली वाला है,
मेरा इक साथी है बड़ा ही प्यारा है,

वो सुन ले बात मेरी जो है अब दुनिया से हारा,
जिसे पाना है जीवन में दे इक सच्चा सहारा,
बस इक बार मेरे श्याम के दरबार आ जाए,
निभाए गा जो जीवन भर यहाँ वो साथी पा जाये,
राह जो दिख लाये जो नेकी सिखलाये,
जिंदगी का मतलब जो हम को बतलाये,
प्रेमियों का प्रेमी बड़ा दिल वाला है,
मेरा रखवाला है,मेरा साथी मुरली वाला है,
मेरा इक साथी है बड़ा ही प्यारा है,

मैं अब इस दुनिया में जहा भी जाता हु,
मेरे मन मोहन को साथ में पाता हु
मेरे ये साथी मेरी हर राह आसान बनाता है,
कभी कोई मुश्किल आ जाये उसे पल में सुलझाता है,
साथ जो छोड़े न कभी मुँह मोड़े न ये अंकुश का साथी कभी दिल तोड़े न,
प्रेमियों का प्रेमी बड़ा दिल वाला है,
मेरा रखवाला है,मेरा साथी मुरली वाला है,
मेरा इक साथी है बड़ा ही प्यारा है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12117/title/mera-ik-sathi-hai-bda-hi-pyaara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |